### पोर्टल की लेटलतीफी, बजट का अभाव, हितग्राही लगा रहे अस्पताल के चक्कर

## 380 प्रसूताओं को जिला अस्पताल से नहीं मिली राशि




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,25 फरवरी. जिले में प्रसूति सहायता योजना की राशि प्रसूताओं को नहीं मिल रही है। जिले में 380 हितग्राहियों का भुगतान अटक गया है। योजना का लाभ पाने के लिए महिला हितग्राही व उनके परिजन जिला अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं।**

अधिकारी-कर्मचारी भी उन्हें बजट आने पर राशि खाते में डालने का आश्वासन देकर लौटा रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन ने राज्य शासन से 40 लाख रुपए का बजट मांगा है। दरअसल स्पर्श पोर्टल में लेटलतीफी से जिले में प्रसूति सहायता योजना की राशि प्रसूताओं को नहीं मिल रही है। जिले में 380 हितग्राहियों का भुगतान अटक गया है। योजना का लाभ पाने के लिए महिला हितग्राही व उनके परिजन जिला अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। अधिकारी-कर्मचारी भी उन्हें बजट आने पर राशि खाते में डालने का आश्वासन देकर लौटा रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन ने राज्य शासन से 40 लाख रुपए का बजट मांगा है। वर्ष 2023 से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने मुख्यमंत्री प्रसूति सहायता योजना शुरू की थी। इसमें सरकारी अस्पताल में प्रसव पर महिला को 16 हजार रुपए दिए जाने का प्रावधान हैं। इसमें पहले पोषण के लिए 4 हजार रुपए और प्रसव के बाद 12 हजार रुपए जच्चा-बच्चा के लिए मिलते थे। अब यह राशि मिलाकर एकमुश्त अस्पताल से दी जा रही है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की डिलेवरी पर राशि मिलती है।

इसमें अस्पताल में प्रसव होने, नवजात शिशु का संस्थागत जन्म के बाद पंजीयन कराने और शिशु को जीरो डोज, वीसीजी, ओपीडी और एचबीवी टीकाकरण के नियम का पालन होना जरूरी है। जिले में फिलहाल पिछले दो माह से योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

### ई वित्त पोर्टल से सीधा भुगतान

जिला अस्पताल के अधिकारी बताते हैं कि पहले प्रसूता और उनके परिजन को सीधा भुगतान ई-वित्त पोर्टल से अस्पताल से ही कर दिया जाता था। अब शासन की ओर से स्पर्श पोर्टल की अनिवार्यता सुनिश्चित कर दी गई है। पहले केस अस्पताल से सीएमएचओ ऑफिस भेजे जाते हैं, फिर राज्य शासन से बजट अनुमति मिलती है। फिर भुगतान किया जाता है। इस वजह से भुगतान में काफी समय लग रहा है। इधर, शासन के पास बजट का अभाव भी बताया जा रहा है।

## 2990 विद्यार्थियों ने दिया गणित का पेपर

### 12वी बोर्ड परीक्षा में 31 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित, 57 सेंटरों की उड़नदस्ता ने की जांच

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,25 फरवरी. माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 12 वी बोर्ड की परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिसके तहत मंगलवार को गणित का पेपर हुआ। इस पेपर में जिले भर के 136 सेंटरों में 2990 विद्यार्थी शामिल हुए। वही किन्हीं कारणों के चलते 31 विद्यार्थी पेपर में शामिल नहीं हो पाए।**

परीक्षा प्रभारी दीलिप ढोक ने बताया कि परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व विद्यार्थियों से मोबाइल, इलेक्ट्रानिक घड़िया सहित अन्य डिवाइज बाहर सुरक्षित रखवा ली गई थी। परीक्षा कक्ष में उपस्थित शिक्षकों ने विद्यार्थियों की जांच की। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर 13 और विखं स्तर पर 41 सेंटरों में उड़नदस्ता ने जांच की। हालांकि इस दौरान एक भी विद्यार्थी नकर करते हुए नहीं पाया गया। इस तरह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इसी तरह स्वाध्यायी विद्यार्थियों में भी 6 सेंटरों में 124 विद्यार्थी शामिल हुए। वही एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। एक जिला स्तर सहित तीनों सेंटरों में उड़दस्ता ने जांच की।



### 124 विद्यार्थियों ने दिया गणित का पेपर

इधर दसवी बोर्ड परीक्षा में गणित के पेपर में जिले भर के 6 सेंटरों में 124 विद्यार्थी शामिल हुए। वही 21 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए। परीक्षा पूर्व विद्यार्थियों की जांच के बाद ही कक्ष में प्रवेश दिया गया। वही जिला स्तर पर एक और विखं स्तर पर 2 उड़नदस्ता ने सेंटरों में पहुंचकर जांच की। हालांकि इस दौरान कोई भी नकल प्रकरण नहीं बना।

### नगर निगम ने की अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई

**छिंदवाड़ा.** नगर निगम की टीम ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते दो अलग-अलग स्थानों पर चल रहे अवैध निर्माण कार्यों को ध्वस्त कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 48 के खसरा नंबर 200/1/1/2 तथा वार्ड क्रमांक 36 के खसरा नंबर 54 पर बिना वैध अनुमति के निर्माण कार्य किया जा रहा था। मामले की जांच के बाद निगम आयुक्त ने दोनों ही स्थानों पर अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से हटाने तथा संबंधित क्षेत्रों को अवैध कॉलोनी घोषित करने के निर्देश दिए थे। आदेश मिलते ही निगम अमला मौके पर पहुंचा और बुलडोजर की मदद से निर्माण कार्यों को तोड़ने की कार्रवाई की। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में अवैध कॉलोनियों एवं अनधिकृत निर्माण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी भूखंड या संपत्ति की खरीद से पहले संबंधित दस्तावेजों एवं अनुमतियों की विधिवत जांच अवश्य करें।

## क्रिकेट सट्टा खिलाते एक आरोपी गिरफ्तार

### कोतवाली पुलिस ने कलेक्ट्रेट ग्राउंड के सामने वाले क्षेत्र में की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,25 फरवरी. पुलिस ने बीती रात पर टी 20 वर्ल्ड कप में लगे रहे क्रिकेट सट्टे पर कार्यवाही करते हुये एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो मोबाईल फोन, 10150 रूपये नगद, एक केल्कुलेटर, एक एक्टिवा गाडी, लाखों रुपयो का हिसाब किताब जप्त कर टी 20 वर्ड कप क्रिकेट सट्टे पर प्रभावी कार्यवाही की गई।** कोतवाली पुलिस की टीम ने बीती रात मुखबिर के द्वारा सूचना दी गयी की चौकसे कालोनी निवासी आशीष जैन एक्टिवा गाडी क्र एमपी 28 एसबी 6997 से जवाहर ग्राउण्ड कलेक्ट्रेट के सामने बैठकर टी 20 वर्ल्ड कप में क्रिकेट का सट्टा लिख रहा है एवं मोबाईल में रन और भाव देख रहा है। टीम ने तत्काल मौके पर पहुंच जवाहर ग्राउण्ड जाकर सट्टा रेड कार्यवाही की।



पुलिस ने आशीष पिता शरद जैन 48 साल निवासी चौकसे कालोनी को गिरफ्तार कर लिया। उसके मोबाईल को देखने पर वह टी 20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड विरूध पाकिस्तान के मैच का क्रिकेट लाइन गुरु एप में क्रिकेट के सट्टा का रन एवं भाव देखते हुए मिला। उसके पास एक अन्य किपेड मोबाइल मिला जिससे वह लोगो के फोन आने पर क्रिकेट का सट्टा लिखता था। उसकी गाडी की डिक्की में एक हिसाब की कापी भी मिली है। पूछताछ में उसने बताया की वह फोन से क्रि केट का सट्टा लिखता है एवं नगद लेन देन करता है। जिसके कब्जे से दो मोबाईल फोन, एक केल्कुलेटर, एक पेन, नगदी 10150 रूपये एवं हिसाब कापी तथा एक एक्टिवा गाडी जप्त कर आरोपी के विरूध धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस पूरे मामले में आरोपी को पकडने में निरीक्षक आशीष कुमार धुर्वे, सउनि ब्रिजेश रघुवंशी, सउनि सुरेन्द्र यादव, आर 219 विकाश बैस आर 397 सुरेन्द्र रघुवंशी, महिला प्रधान आर 480 लता श्रीवास, सायबर सेल से प्रधान आर नितिन सिंह आर आदित्य रघुवंशी, की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## युवती को पार्टी के लिए बुलाकर किया दुष्कर्म

### शिकायत के बाद पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, दूसरा फरार

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,25 फरवरी. शहर में 23 वर्षीय युवती से दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है, जिसकी जांच कोतवाली थाना पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार युवती और आरोपी पहले से परिचित थे।**

आरोप है कि युवती को पार्टी के बहाने अलका टॉकीज के पास स्थित अम्बर होटल में बुलाया गया। जहां उसे नशे की हालत में ले जाकर वारदात को अंजाम दिया गया। अत्यधिक नशे की स्थिति के कारण तत्काल बयान दर्ज नहीं हो सका और युवती को प्राथमिक इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के मुताबिक, घटना की जानकारी युवती के परिचित को लगी। जो तुरंत मौके पर पहुंची और उसे कोतवाली थाने लेकर गई। मेडिकल परीक्षण और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी दुर्गेश हरोड़े को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा आरोपी अतुल घोरसे फिलहाल फरार है। उसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से गहन जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### कृषि मेला एवं मिलेट फूड फेस्टिवल का शुभारम्भ आज

**छिंदवाड़ा.** जिला स्तरीय कृषि मेला एवं मिलेट फूड फोस्टिवल सह रोड शो 2026 का आयोजन पोला ग्राउंड (दशहरा मैदान) में आज से प्रारम्भ हो रहा है। इस तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल का आयोजन 26 से 28 फरवरी तक किया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार श्री अन्न (मिलेट्स) फसलों जैसे कोदो, कुटकी, सवां, ज्वार, बाजरा एवं रागी के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं विपणन को बढ़ावा देने तथा कृषकों, युवाओं, उद्यमियों, एफपीओ और उपभोक्ताओं को जोड़ने के उद्देश्य से इस जिला स्तरीय मिलेट्स मेले का आयोजन किया जा रहा है।

### सरसों पंजीयन 20 मार्च तक, ई-उपार्जन पोर्टल पर होंगे पंजीयन

**छिंदवाड़ा.** मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय म.प्र. भोपाल के पत्र 24 फरवरी के अनुसार भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के अंतर्गत रबी वर्ष 2025-26 में ई-उपार्जन पोर्टल पर 26 फरवरी से 20 मार्च तक सरसों के पंजीयन किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। सरसों फसल का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की व्यवस्था, पंजीयन केन्द्रों के निर्धारण, पंजीयन केन्द्रों का भौतिक एवं मानव संसाधनों की व्यवस्था, कृषकों के पंजीयन एवं सत्यापन की प्रक्रिया, प्रचार-प्रसार एवं प्रशिक्षण तथा वित्तीय व्यवस्था उपरोक्तानुसार उल्लेखित खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के परिशिष्ट में संलग्न परिपत्र 23 जनवरी के अनुसार ही किया जाये।

## बकाया कर जमा करने नागरिकों की रही भागीदारी

### नगरीय निकायों में राजस्व वसूली तेज करने विशेष शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,25 फरवरी. नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय द्वारा नगरीय निकायों में कर एवं अन्य राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के उपरांत वसूली में तेजी लाने हेतु समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।**

जारी निर्देशों के अनुसार सभी नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर परिषदों को बकाया राजस्व की वसूली सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा तय समय सीमा में लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में नगर निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में शेष कर वसूली के लिए विशेष शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में नागरिकों ने अपने बकाया संपत्ति कर एवं अन्य देयों का भुगतान कर सक्रिय सहभागिता दिखाई। निगम प्रशासन द्वारा करदाताओं को कर जमा करने संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं, जिससे वसूली प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक कुल 15,22,80,900 रुपये की संपत्ति कर वसूली की जा चुकी है। वहीं आज आयोजित शिविरों में 14,56,932 रुपये की संपत्ति कर वसूली दर्ज की गई। जलकर मद में 2,31,091 रुपये की वसूली हुई।




### कलेक्टर ने आर .आर . बायोफ्यूल्स इकाई का आकस्मिक निरीक्षण

**छिंदवाड़ा/** जिले के औद्योगिक क्षेत्र लहगडुआ स्थित आर.आर. बायोफ्यूल्स इकाई का आज कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इकाई में संचालित उत्पादन प्रक्रिया, सुरक्षा मानकों एवं गुणवत्ता व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आर.एस.उइके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि इकाई में प्रतिदिन 30 किलोलीटर बायोडीजल एवं 3 टन ग्लिसरीन उत्पादन की क्षमता स्थापित की गई है। लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित यह उद्योग वैकल्पिक ईंधन उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय सहायता समिति द्वारा इस इकाई को म.प्र. एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025 के अंतर्गत उद्योग विकास अनुदान हेतु अनुशंसित किया गया है।

## रोजगार मेले में जिले के 261 युवाओं को मिला रोजगार

### हितग्राहीमूलक योजनाओं के लाभार्थियों को 15 .79 लाख रुपये के चेक वितरित

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,25 फरवरी. जिले में युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत शासकीय आदिवासी महिला आईटीआई परिसर में बुधवार को जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से युवा संगम - रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिस मेले का सफल आयोजन किया गया।**

मेले में 453 अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से 16 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के बाद 261 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस दौरान हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, एसआरएलएम और जिला अंत्यावसायी कार्यालय के लाभार्थियों को 15.79 लाख रुपये के चेक भी वितरित किए गए।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक बंटी साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय कौशल, नवाचार और आत्मनिर्भरता का है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल शैक्षणिक योग्यता पर्याप्त नहीं, बल्कि तकनीकी दक्षता, अनुशासन और व्यवहारिक ज्ञान ही सफलता की कुंजी है। शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ऋण, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है, जिसका लाभ उठाकर युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल रोजगार आकांक्षी न बनें, बल्कि रोजगार सृजन की दिशा में भी आगे बढ़ें। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर की संस्थाओं की ग्रेडिंग में शासकीय आदिवासी महिला आईटीआई छिंदवाड़ा को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

**आयोजन** ▶ **पारंपरिक खेलों के संरक्षण के लिए भानादेही में आयोजित हुई बैलगाड़ी पट प्रतियोगिता**

## बैलगाड़ी पट प्रतियोगिता देखने उमड़ी लोगों की भीड़

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,25 फरवरी. पारंपरिक खेलों के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले की जनपद पंचायत छिंदवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत भानादेही में बैलगाड़ी पट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

इस प्रतियोगिता को देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के साथ साथ शहरीय क्षेत्र के लोगों की काफी भीड़ भानादेही पहुंची जहां लोगों ने इस पट प्रतियोगिता का आनंद उठाया। कार्यक्रम में कलेक्टर हरेंद्र नारायन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके द्वारा प्रतियोगिता का अवलोकन कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में कलेक्टर नारायन ने कहा कि वर्तमान समय में पारंपरिक खेल विलुप्त होते जा रहे हैं, जबकि ये ग्रामीण जीवन की पहचान हैं। पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण अंग हैं, इसीलिये शासन द्वारा इनके संरक्षण एवं प्रोत्साहन के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।



कलेक्टर द्वारा प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई दी गई तथा उनके उत्साह एवं खेल भावना की सराहना की गई। इस बैलगाड़ी पट प्रतियोगिता में कुल 60 प्रतिभागियों द्वारा सहभागिता की गई। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21,000, द्वितीय पुरस्कार 11,000, तृतीय पुरस्कार 5,100 तथा तीन सांत्वना पुरस्कार 1,100-?1,100 प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 15 चयनित प्रतिभागियों को मेडल एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिवेदन का वाचन नोडल अधिकारी कपिल नागरे द्वारा किया गया। संचालन विकासखंड खेल प्रभारी राकेश चौरसिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया द्वारा व्यक्त किया गया। जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार ने समस्त प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। यह आयोजन ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने एवं पारंपरिक खेलों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।


मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पताः-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. निशांत कांबले
MBBS, MD MEDICINE
सप्रसिद्ध गठिया एवं वात रोग विशेषज्ञ
दिन- प्रतिमाह चौथा गुरूवार, दिनांक- 26 फरवरी 2026 समय- 11 बजे से 4 बजे
डॉ. स्नेहल मकेश्वर
MBBS, MD MEDICINE
नागपुर किम्स किंग्सवे हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध पेट रोग के विशेषज्ञ
दिन- प्रतिमाह चौथा गुरूवार, दिनांक- 26 फरवरी 2026 समय- 11 बजे से 4 बजे
अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क करें। 6262640425
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)
www.aarogyahospital.org



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589